# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत, महिला गंभीर

■ परिजनों में मचा कोहराम, शव पोस्टमार्टम को भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नगर के एक निजी अस्पताल में महिला के प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु की मृत्य हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर देखते हुए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। जिसके बाद काशीपुर के चिकित्सकों से मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई कैलाश चन्द्र नगरकोटी ने बुधवार को शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार की सुबह करीब दस बजे ग्राम रतनपुरा निवासी राजपाल अपनी 30 वर्षीय पत्नी देवकी को सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करने के लिए लाया था। जहां चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड देखकर कहा इनका ऑपरेशन होगा। इसलिए चिकित्सकों ने हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया था। इस दौरान देवकी के देवर लक्ष्मन सिंह ने बताया कि वह देवकी को रामराज रोड पर स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें कही ओर ले जाने की सलाह दी।




जिसके बाद परिजन ग्राम चकरपुर के अंतर्गत स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां दोपहर के तीन बजे से देर सांय सात बजे तक चिकित्सकों महिला का उपचार जारी रखा, लेकिन कोई सफलता नहीं। वहीं परिजन देवकी की डिलीवरी नहीं होने चलते आनन -फानन में उसे पास के एक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला का ऑपरेशन किया और तब तक नवजात शिशु की मृत्यु हो गई थी।

इस दौरान चिकित्सकों ने परि. जनों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि नवजात शिशु के तीन से चार परसेंट बचने के चांस हैं, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी नवजात शिशु की मृत्यु हो गई। वहीं परिजनों ने महिला के उपचार में चिकित्सकों पर लाप. रवाही का आरोप लगाया है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। देवकी की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मजदूरी के पैसे नहीं देने के आरोप में मलिक के विरुद्ध दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** एक व्यक्ति ने मजदूरी के पैसे नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर पेपर मिल के मालिक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

बुधवार को मुंडिया कला निवासी खलील अहमद पुत्र जमीर अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिछले लगभग 2 वर्ष से दोराहा रोड पर स्थित एक पेपर मील में कार्यरत था। जिसके बाद उक्त पेपर मील के मालिक के द्वारा लगभग पिछले दो माह की सैलरी होल्ड कर रखी है।

जब कि उनके द्वारा मील में काम कर रहे सभी लोगों की सैलरी पहले ही दे दी है। वही पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक नजर

## स्वर्ण पदक विजेता नवनीत को विधायक कापड़ी ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले खटीमा के होनहार खिलाड़ी नवनीत सिंह को खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने सम्मानित किया।



देहरादून में आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप में खटीमा क्षेत्र के ग्राम भगचूरी निवासी नवनीत सिंह पुत्र दलजीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 वर्ष आयु वर्ग में जेवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप और ट्रिपल जंप तीनों खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही विधायक कापड़ी तथा उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विधायक कार्यालय में विधायक भुवन चंद्र कापड़ी द्वारा नवनीत सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विधायक कापड़ी ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों की उपलब्धियां हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए उनका हर संभव सहयोग जारी रहेगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, विनोद चंद, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्या, नीरज सिंह कन्याल, छोटेलाल यादव, ग्राम प्रधान मंजीत सिंह, नवदीप संधू, प्रमोद कुमार, बंटी कुमार, अखिलेश मौर्य, जगरूप सिंह, बलदेव सिद्धू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मारपीट में युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर भड़के पूर्व विधायक

■ एसएसपी कैम्प कार्यालय पहुंचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई को लेकर सौंपी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बाजपुर में बीते दिनों बारात में हुई मारपीट में रम्पुरा निवासी युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में रम्पुरा के लोगों ने एसएसपी कैम्प कार्यालय पहुंचकर तहरीर सौंपी और मामले में मुकदमा दर्ज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

पूर्व विधायक ठुकराल के साथ मृतक सचिन के पिता ओमप्रकाश सहित रम्पुरा के तमाम लोगों ने एसएसपी कैम्प कार्यालय पहुंचकर सांकेतिक विरोध प्रकट किया और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की। मृतक के पिता वार्ड नं. 24




रम्पुरा निवासी ओमप्रकाश की ओर से एसएसपी को सौंपी गयी तहरीर में कहा गया कि 23 नवंबर की रात में उसके रिश्तेदार की शादी थी। रम्पुरा से टोपा कालोनी बाजपुर गई बारात में उसका 20 वर्षीरू पुत्र सचिन भी गया था। बारात में रात करीब 12 बजे विवाद उत्पान्न हो गया जिसमें दुल्हन पक्ष के कई लोगों ने बारातियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब सचिन बीच बचाव के लिए गया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने कुर्सीयों व खाने की टेबलों से बर्तन उठाकर हमला कर दिया जिस पर सचिन बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद हमलावरों सचिन को छत से नीचे फेंक दिया और उसके उपर ईट पत्थर बरसाये। किसी तरह रिश्तेदारों द्वारा सचिन को रुद्रपुर के गौतम अस्पताल में भर्ती कराया गया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने श्री राममूर्ती अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान 28 नवंबर को उसकी मौत हो गयी। मृतक के पिता सहित अन्य लोगों ने एसएसपी से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, मचा हड़कम्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** डीआईजी के निर्देश पर शहर में मंगलवार रात पुलिस ने व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसके चलते वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

शांति व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह संयुक्त कार्रवाई देर रात तक जारी रही। कार्यवाही के लिए एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी के नेतृत्व में सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसओ मोहन चंद्र पांडे, एसआई नवीन बुधानी, एसआई महेश कांडपाल, एसआई अकरम सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की टीमें शहर के अलग-अलग हिस्सों में तैनात की गईं। पुलिस ने इंदिरा चौक, डीडी चौक, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, मेट्रोपोलिस सहित कई स्थानों पर एक साथ चेकिंग कर वाहनों की तलाशी ली। अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से शहर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए कई दोपहिया वाहनों को सीज किया और कई के चालान काटे। चे. कंग के दौरान एक नाबालिग को कार चलाते हुए पकड़ा गया, जिस पर पुलिस ने वाहन सीज कर दिया। वहीं, तेज आवाज वाले रेट्रो साइलेंसर के उपयोग पर एक बुलेट बाइक को भी सीज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। इसके अलावा हर संदिग्ध व्यक्ति आवश्यक पूछताछ कर की पहचान की गई। रेलवे स्टेशन पर चलाए गए सघन चैकिंग अभियान में रात्रि में आ रही सवारी ट्रेन को भी चेक किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश से आ रहे यात्रियों की सघन चौकिंग की गई। इस दौरान शहर में चेकिंग किए जाने की सूचना पर घूम रहे लोग अपने-अपने आवास पर जाते हुए दिखाई दिए।

सीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश से बाहर जाने या प्रदेश में आने पर अपनी पहचान से संबंधित दस्तावेज अपने साथ रखें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु को लाने ले जाने से बचें। अति आवश्यक सेवाओं को दिन में ही संपादित कर लें। रात्रि के समय में किसी भी संदिग्ध वस्तु को लाने ले जाने पर पाए जाने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ को आपत्तिजनक स्थिति में लाते ले जाते जो व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर दंडात्मक में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाकर के ही यात्र करें तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु एवं संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी स्थानीय पुलिस को या अपने आसपास सामाजिक कार्यकर्ताओं का अवश्य दें। सूचना देने वाले व्यक्ति के नाम व पते की गोपनीयता रखी जाएगी।

## गन्ना राज्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कैंप कार्यालय में राज्य गन्ना मंत्री मंजीत सिंह राजू द्वारा समाज कल्याण, ब्लॉक मिशन मैनेजर, ग्राम उत्थान परियोजना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बुधवार को एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन, कार्यप्रगति, लाभार्थियों तक सेवाओं की वास्तविक पहुंच एवं जनहित से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रधानमंत्री के कुशल, दूरदर्शी एवं सर्वस्पर्शी नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए मंत्री मनजीत सिंह राजू ने प्रत्येक विभाग को पारदर्शिता,संवेदन शीलता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर जागरूक किया




शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अंतराष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के द्वारा विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों व कानूनी जानकारी के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु एएनएम सेंटर भुड़ा किशनी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मंच की अध्यक्षता सीएचओ राधा ने की और मंच का संचालन प्रभु दयाल ने किया। अधिवक्ता आरती राणा ने कानून की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विकलांग व्यक्तियों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के अधिकार , सरकारी नौकरियों में विकलांग व्यक्तियों के लिए 4% आरक्षित सीटें, व विकलांग बच्चों को 18 वर्ष तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाती है। विकलांग व्यक्तियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। विकलांग व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य लाभ प्रदान किए जाते हैं।

सार्वजनिक स्थानों, परिवहन और सरकारी कार्यालयों में विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभता सुनिश्चित की जाती है। विकलांग व्यक्तियों को कानूनी सहायता प्रदान की जाती है ताकि वे अपने अधिकारों का दावा कर सकें। विकलांग व्यक्तियों को विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है जो उन्हें विभिन्न लाभों के लिए पात्र बनाता है। इन कानूनी जानकारी के अलावा डीएलएसए विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सहायता और परामर्श सेवाएं भी प्रदान करता है।

यदि आपको अधिक जानकारी चाहिए, तो आप अपने जिले के डीएलएसए कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर पीएलवी प्रभु दयाल , मंजू बिष्ट, कमला देवी, रेखा, महेश्वरी राना एएनएम, अधिवक्ता आरती राणा व दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# महिला ट्रेनर ने दो भाइयों पर लगाया वेतन हड़पने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** एक महिला ट्रेनर ने किच्छा की एक वेलफेयर सोसाइटी के संचालक दो भाइयों पर वेतन हड़पने और बैंकिंग अधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची। शिकायत में महिला ने कहा कि वर्ष 2023 से वह सोसाइटी में ट्रेनर के रूप में कार्यरत रही। नियुक्ति के समय उसका वेतन 12 हजार रुपये बताया गया, जबकि खाते में केवल 10 हजार रुपये ही जमा किए जाते थे। आरोप है कि खाता खुलवाते समय संचालकों ने उससे कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए और बाद में एटीएम, पासबुक, चेकबुक व अन्य बैंकिंग सामग्री उसे नहीं दी। खाते से जुड़े सभी अधिकार दोनों भाइयों ने अपने कब्जे में रख लिए और मोबाइल नंबर भी अपने नाम से दर्ज करा लिया। महिला के मुता. बिक, फरवरी 2025 के बाद उसे कार्यालय न आने को कहकर वेतन खाते में भेजने की बात कही गई। जुलाई 2025 में स्टेटमेंट निकालने पर पता चला कि उसके खाते में वास्तविक वेतन 28 हजार रुपये प्रतिमाह जमा होता था, जिसे आरोपी नेट बैंकिंग से निकाल लेते थे। उसके पुराने खाते में केवल 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए जाते थे। इस तरह करीब 6.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने बताया कि शिकायत पर संबंधित थाने को जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# नशा तस्कर से पकड़ी सवा किलो चरस

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए सवा किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

ऊधम सिंह नगर जिले के पुलिस कप्तान मणिकान्त मिश्रा द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध निहारिका तोमर एवं पुलिस अधीक्षक काशीपुर स्वप्न किशोर सिंह के निर्देशानुसार पर क्षेत्राधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर दीपक सिंह व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी तथा प्रभारी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में



जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा जसपुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए देर रात्रि थाना जसपुर क्षेत्रांतर्गत पतरामपुर फ्लाईओवर के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम जिला बिजनौर के थाना बढ़ापुर चम्पतपुर चकला निवासी अंग्रेज सिंह पुत्र जीत सिंह बताया। पुलिस ने अंग्रेज सिंह के कब्जे से 01 किलो 251 ग्राम चरस व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभियुक्त ने पूछताछ करने पर उससे बरामद चरस के बारे में बताया कि यह चरस वह अपने दोस्त धर्मेन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी कोटा टांडा रायपुर जनपद बिजनौर उ.प्र. के साथ जसपुर में बेचने के लिए आना बताया तथा यह चरस धर्मेन्द्र के द्वारा श्रीनगर गढ़वाल की तरफ से लेकर आना बताया है, जिस पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस के द्वारा अभियुक्त से बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग लगभग पांच लाख रुपये से अधिक है।

अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जसपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी, एएनटीएफ प्रभारी राजेश पाण्डेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जावेद मलिक, कांस्टेबल कपिल ओली, हेमगिरी थाना, हेड कांस्टेबल एएनटीएफ भुवन चंद्र पांडेय, कांस्टेबल एएनटीएफ विनोद खत्री और महिला कांस्टेबल सीमा शामिल रहीं।

# खटीमा की बेटी दिव्या साइंटिस्ट अवार्ड-2025 से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शोध की छात्रा दिव्या पंत को देहरादून में राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) ने यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है।

दिव्या खटीमा विकास खंड के चकरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मेसी अधिकारी पद पर कार्यरत डॉ. जगदीश पंत 'कुमुद' की बेटी है।




दिव्या पंत को उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद( यूकॉस्ट) ने यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2025 प्रदान किया है। दिव्या कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शोध की छात्रा है। यूकॉस्ट द्वारा देहरादून के ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में 28 से 30 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान कांफ्रेंस में दिव्या पंत ने अपनी एडवाइजर डॉ. लक्ष्मी तिवारी के मार्गदर्शन में कुमाऊं क्षेत्र के पर्वतीय इलाकों से प्राप्त रायजोस्पेरियम की जैव नियंत्रण क्षमता व प्रभाव पर अपने शोध कार्य की प्रस्तुति दी। जिसके आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2025 के लिए चयनित कर यह अवार्ड प्रदान किया गया। दिव्या की इस उपलब्धि पर डॉ. लक्ष्मी तिवारी, डॉ. अजयवीर सिंह, डॉ. सिद्धेश्वर सिंह, डॉ. रूपचंद शास्त्री, शैल कुमारी, नरेंद्र रौतेला, निर्मल न्योलिया आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धर्म प्रचारक जत्थों ने गुरु व गुरुवाणी की महिमा का गुणगान किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला में इस वर्ष आयोजित सात दिवसीय सालाना "गुरु मान्यो ग्रंथ" समागम पूरे आध्यात्मिक वातावरण में सत्संग, सेवा और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है। यह दिव्य समागम हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत एवं मानवता की रक्षा की महान परंपरा को समर्पित है।जिसमें दूर-दूर से संगत पहुंचकर गुरबाणी का अमृत रस ग्रहण कर रही है।




समागम के तीसरे दिन अंतरराष्ट्रीय धर्म प्रचारक भाई दलजीत सिंह खालसा, रागी भाई कुलदीप सिंह, कथावाचक भाई करम सिंह, कथावाचक भाई मंजीत सिंह ,कथावाचक भाई त्रिलोक सिंह यूके तथा बाबा अमरजीत सिंह गालिब खुर्द वालों ने शब्द-कीर्तन, कथा और गुरमत विचारों के जरिए संगत को गुरुघर की मर्यादा, सेवा, सिमरन और गुरु की बाणी की महिमा से अवगत कराया। इस दौरान वक्ताओं ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी की निडरता, त्याग और धर्म-अजादी के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को विस्तार से बताया और गुरु साहिब की शिक्ष अपनाने का संदेश दिया। कीर्तन दरबार में संगत ने नतमस्तक होकर अरदास कर अपनी खुशहाली व समाज की शांति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। देश के विभिन्न राज्यों से संगत ने बड़ी संख्या में शामिल होकर सातों दिन की इस गुरमत का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस किया। गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने सभी जत्थों, रागी-प्रचारकों व संगत का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गुरु की कृपा और संगत के सहयोग से यह कार्यक्रम आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बना है।

उन्होंने संगत को प्रेरित किया कि गुरु की वाणी सिर्फ सुनने भर तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन में अपनाई जाए, यही असली सेवा और यही गुरु साहिब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की ओर से सभी संगत को आगे के बाकी दिनों में भी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरबाणी का ज्ञान प्राप्त करने, सेवा में भागीदार बनने और गुरु साहिब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंच. ाने का निमंत्रण दिया गया।समागम में भाई अनमोल सिंह, कश्मीर सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरदेव सिंह, रमेश सिंह, अमरीक सिंह, सतनाम सिंह आदि थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण पत्र परीक्षा को पंजीकरण शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में विभिन्न विद्यालयों में वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण पत्र परीक्षा 2026 के लिए पंजीकृत स्वयंसेवियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पोर्टल पर 04 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2025 तक खोला जा रहा है

।इसलिए स्वयंसेवियों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा के लिए आवेदन परिषद् के पोर्टल www.ubse.uk.gov.in पर जाकर Departmental EXam टैब के अन्तर्गत Registration Of NSS "B" & "C" के माध्यम से किया जा सकता है। परीक्षा की तिथि के सम्बन्ध में पृथक से सूचित किया जाएगा।

## झासा देकर 30 हजार रुपये ठगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में एक व्यक्ति के साथ साइबर क्राइम के तहत धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी को पकड़ने की मांग की है।

नाजिम पुत्र बाबू निवासी नियर ताज मस्जिद खताडी रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई यूसुफ रामनगर में पेयजल का कार्य करते हैं और फर्म का नाम शीतल जल सेवा है। उसके भाई मौ. युसुफ के पास मंगलवार को रात में करीब 9.30 मिनट पर अज्ञात मोबाइल नंबर 7340275236 से फोन आया और बोला में आर्मी से कर्नल शिव कुमार बोला रहा हूं। मुझे बुधवार को रेलवे स्टेशन रामनगर में 100 पेटी पानी चाहिए। बुधवार सुबह करीब 10.00 बजे उक्त मोबाइल नम्बर 7340275236 से फिर फोन आया कि पानी की पेटी कब तक रेलवे स्टेशन रामनगर में भेजेंगे। अज्ञात व्यक्ति ने उनसे से कहा कुछ देर हमारे सर का फोन आएगा।

कुछ देर बाद अज्ञात नम्बर पर 8839260436 से फोन आया और उसने उसके भाई से कहा कि आप पेयजल का बिल मेरे नम्बर पर सेंड कर दो। उसके भाई ने उक्त मोबाइल नम्बर पर बिल सेंड कर दिया है. उक्त व्यक्ति ने उसके भाई यूसुफ से खाते की जानकारी भी मांगी। उक्त व्यक्ति ने उसके भाई से कहा कि आपके खाते में भूल वश 51,000 रुपये आ गए हैं और आप अपने 11,000 रुपये पानी के कम करके बाकी शेष रकम मेरे गूगल पे पर वापस कर दो। पीड़ित ने अपने गूगल पे से 30,000 रुपये उसके खाते नम्बर 04240100022242 में जमा कर दिए।

उसके भाई ने अपने खाते में देखा तो भाई के खाते में 51000 का कोई विवरण दर्ज नहीं है। पीड़ित को अहसास हुआ है कि उसके साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने साइबर अपराध किया। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# लोहाघाट अस्पताल को जल्द मिलेगा 'उप जिला चिकित्सालय' का दर्जा

**मरीजों को मिलेंगी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं: सीएमओ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** कुमाऊं में सर्वाधिक ओपीडी वाले लोहाघाट अस्पताल के लिए वह दिन अब दूर नहीं जब इसे औपचारिक रूप से राजकीय उप जिला चिकित्सालय का दर्जा मिल जाएगा। फिलहाल दीवारों पर बोर्ड बदल चुका है, पर सेवाएं अभी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की सीमाओं में ही सिमटी हैं। लेकिन दर्जा बढ़ते ही यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की नई दुनिया खुलने जा रही है।

यह अस्पताल न सिर्फ चंपावत जिले के तीन ब्लॉकों–लोहाघाट, पाटी और बाराकोटख़बल्कि पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और नैनीताल जिले की सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों का भी प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। रोजाना भारी ओपीडी दबाव इसके महत्व को साबित करता है। राजकीय उच्च चिकित्सालय बनने के साथ ही लोहाघाट में चिकित्सा सुविधाओं का बड़ा विस्तार होगा। सीएचसी की तुलना में बजट 2 लाख से बढ़कर 30 लाख हो जाएगा। उच्च स्तरीय पैथोलॉजी सेवाएं शुरू होंगी। इससे जिला अस्पताल में अब तक मौजूद मरीजों का भारी दबाव काफी हद तक कम होगा।

सीएमओ डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि लोहाघाट चिकित्सालय को सशक्त बनाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। फिलहाल हड्डी रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता के चलते जिला अस्पताल से सप्ताह में दो बार डॉ. धनंजय पाठक की सेवाएँ भी दी जा रही हैं, जिससे बड़ी संख्या में मरीजों को राहत मिली है।

चौहान ने बताया कि अस्पताल को उप जिला चिकित्सालय देने की प्रक्रिया पंजीकरण के कारण अटकी हुई थी, जिसे अब सीएमएस डॉ. विराज राठी द्वारा पूरा करा लिया गया है। निदेशालय से आवश्यक आदेश किसी भी समय जारी हो सकते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता सचिन जोशी और नगरपालिका अध्यक्ष गो. विंद वर्मा ने हाल ही में मुख्य सचिव आनंद वर्धन का स्वागत कर लोहाघाट अस्पताल की वास्तविक स्थिति और जनता की जरूरतों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। मुख्य सचिव ने मामले पर गंभीरता से संज्ञान लेने का आश्वासन भी दिया।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन प्रांगण में दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत, मेयर , विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों सहित लगभग 250 दिव्यांगजन सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी दलीप कुमार द्वारा समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्व-रोजगार में संलग्न दिव्यांग महिला सुश्री राधिका मेहता को राज्य स्तरीय दिव्यांग सम्मान से सम्मानित किया गया। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया, जिसमें 82 बैसाखियां, 15 व्हीलचेयर, 49 श्रवण यंत्र,10 वॉकर, 30 विशेष छड़ियां शामिल रहीं।

साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों से आए 18 दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी की चिकित्सक टीम द्वारा ऑन-स्पॉट निर्गत किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर तथा उपस्थित अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण एवं सफलतापूर्वक किया गया।

## एक नजर....

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर शिविर के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।




बुधवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देश पर उप जिला चिकित्सालय में सीएमएस डॉक्टर पीडी गुप्ता की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं व 13 दिसंबर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत एवं राष्ट्रीय नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी। डा. पीडी गुप्ता ने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस प्रतिवर्ष तीन दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने और उनके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर राजकीय बालि. का इण्टर कालेज में आयोजित शिविर में पीएलबी कार्यकत्री गीता जोशी ने भी जागरूकता विधिक जानकारी दी और आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में किया गया। इस दौरान पीएलबी कार्यकत्री बृजबाला शर्मा ने दिव्यंगता के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर डॉ. रविन्द्र साहू, निशा परवीन, कमलेश, कमला, हरि सिंह, मनमोहन सिंह, विमला, नारायण सिंह, प्रिंसिपल मीता बोस आदि मौजूद थे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर चित्रकार दीपक शर्मा का पत्रकार संगठन ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/ चंपावत।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला पत्रकार संगठन ने पाटी ब्लॉक के खरही गांव के 36 वर्षीय दिव्यांग चित्रकार दीपक शर्मा को सम्मानित कर उनके जज्बे को सलाम किया। दोनों हाथों की अंगुलियां मुड़ी होने के बावजूद दीपक अपनी अद्भुत कलाकृतियों से सभी को चकित कर देते हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष तीन दिसंबर को दिव्यांगजनों के अधिकारों, सम्मान और समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री गिरीश सिंह बिष्ट ने किया। इस अवसर पर संरक्षक सीएस जोशी ने दीपक शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर तथा शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जोशी ने कहा कि "दीपक नाम ही नहीं, अपने हुनर से भी पूरे क्षेत्र में उजियारा फैला रहे हैं। हाल ही में क्रिकेट में दिव्यांग खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय सफलताओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिबंध नहीं, संकल्प मायने रखता है। दुर्गम भींगराड़ा क्षेत्र के निवासी दीपक विषम परिस्थितियों के बीच अपनी पेंटिंग कला के दम पर आजीविका चला रहे हैं। साथ ही वह सोशल मीडिया पर 'लधिया घाटी ग्रुप' नामक समाचार समूह संचालित करते हैं, जिसके माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं, दुर्घटनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हैं। कार्यक्रम में संगठन के कोषाध्यक्ष दिनेश भट्ट, ललित मोहन जोशी समेत कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# वयोवृद्ध पत्रकार पेंशन के मानकों में 'फिर से पुरानी व्यवस्था' लागू करने की मांग



**पत्रकार मान्यता समिति की बैठक कराने पर भी दिया जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** चंपावत जिला पत्रकार संगठन ने वयोवृद्ध पत्रकारों को दी जाने वाली पेंशन सुविधा के बदले गए मानकों को पुन: पूर्व स्थिति में लाने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्रबल्लभ ओली के नेतृत्व में पत्रकारों ने मुख्य सचिव आनंद वर्धन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और पत्रकार हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

पत्रकारों ने बताया कि जब यह योजना शुरू हुई थी तो वयोवृद्ध पत्रकार पेंशन के लिए 5 वर्ष की निरंतर मान्यता का प्रावधान था। लेकिन बाद में इस मानक को बढ़ाकर 15 वर्ष कर दिया गया, जिससे कई सक्रिय पत्रकार पेंशन सुविधा से वंचित रह गए हैं। पत्रकारों का स्पष्ट कहना है कि पांच वर्ष की मान्यता की पुरानी व्यवस्था लागू होते ही कई पात्र पत्रकारों को पेंशन का लाभ मिल सकेगा। पत्रकार संगठन ने यह भी उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री द्वारा चंपावत को मॉडल जिला घोषित किए जाने के बाद यहां अलग से पत्रकार मान्यता समिति की बैठक आयोजित होना आवश्यक है। वर्तमान मे जिले के सिर्फ पांच पत्रकार ही मान्यता प्राप्त हैं। पत्रकारों ने कहा कि सूचना निदेशक की ओर से चंपावत हेतु विशेष बैठक आयोजित की जाए, ताकि अधिक से अधिक पत्रकारों को मान्यता मिल सके।

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने पत्रकारों की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि आपकी भावनाएं महत्वपूर्ण हैं। दोनों मुद्दों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर पत्रकार संगठन के महामंत्री गिरीश बिष्ट, वरिष्ठ पत्रकार गणेश पांडे, दिनेश चंद्र पांडे, चंद्रशेखर जोशी, राजीव मुरारी, दिनेश भट्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, सतीश जोशी, सूरी पंत, आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# विधिक शिविर ने दिव्यांगजन का बढ़ाया हौसला, किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बुधवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के निर्देशानुसार बाह्य न्यायालय टनकपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट काजल रानी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की सटीक और सरल जानकारी प्रदान करना था। न्यायिक मजिस्ट्रेट काजल रानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगता कभी कमजोरी नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का संदर्भ है।

उन्होंने विश्वविख्यात वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग का उदाहरण देते हुए बताया कि इच्छाशक्ति और ज्ञान किसी भी शारीरिक सीमा से आगे जाकर दुनिया को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी विजय वर्मा, एसबीआई टनकपुर शाखा के प्रबंधक पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में पीएलवी इजहार अली, अर्जुन सिंह, विजेंद्र अग्रवाल, दीपा देवी, शमशाद बानो, किरन गहतोड़ी, हरिप्रिया जोशी, पूजा जोशी, प्रकाश चंद्र, सोनी सिंह, रितु महर, सोनी जहां, रीता कनौजिया, प्रियंका पचौली, राधिका अधिकारी, अर्चना लोहनी, रफीक खान, प्रो बोनो पीएलवी सुरेश उप्रेती, सुनीता टम्टा और रोहित मंडल शामिल रहे। शिविर में दिव्यांगजन गीता देवी, इरशाद अहमद, शरद कुमार, कश्यप दयाराम, राधिका अधिकारी, रोशन लाल, अतिकुर रहमान आदि उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट काजल रानी ने सभी उपस्थित दिव्यांगजनों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एसबीआई प्रबंधक पंकज कुमार की विशेष सहभागिता भी महत्वपूर्ण रही।विधिक साक्षरता शिविर जागरूकता, संवेदना और समानता के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# यूपीसीएल ने हटाई स्मार्ट मीटर पर लगाई रोक

## जल्द रामनगर में शुरू होगा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य: अधिशासी अभियंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** यूपीसीएल ने स्मार्ट मीटर पर लगाई रोक को हटा लिया है। इस संबंध में मुख्यालय से आद. 'श जारी हो गए हैं। इस बीच लगातार शिविर लगाकर जगह-जगह स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान किया गया और अनेक उपभोक्ताओं को एप सहित अन्य जानकारी दी गई। विद्युत वितरण खंड रामनगर के अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की ने बताया कि रामनगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि रामनगर में उपभोक्ताओं के लिए जगह जगह लगाये गए शिविर में नाम मात्र की समस्याएं मिली और उनका मौके पर ही निस्तारण का दिया गया।



अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की ने उपभोक्ताओं से कहा कि उपभोक्ता में कुछ भ्रांति थी, ऐप चलाना नहीं आ रहा था, शिविर में एप कैसे चलता है इसकी भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि गाइड लाइन के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य समय में पूरा किया जाना है।स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायत के समाधान के लिए भी लगातार भविष्य में जगह-जगह शिविर लगाए जाएंगे और उपभोक्ताओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देकर समस्या का हल किया जाएगा।उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर के उपभोक्ताओं के मन में कोई भ्रम व भ्रांति नहीं रहना चाहिए, नई टेक्नोलॉजी को ग्रहण करने के समय कुछ दिक्कत आती है। मुख्यालय एवं अधीक्षण अभियंता नैनीताल से निर्देश हैं कि स्मार्ट मीटर की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण किया जाए। रामनगर में किसी भी उपभोक्ता की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और दुबारा शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर बदलने का कार्य पूर्व की भांति शुरू किया जा है।बताया कि रामनगर के सभी सरकारी दफ्तरों, सरकारी कॉलोनियों,नगर पालिका, पुलिस थाना, ब्लॉक मुख्यालय, उत्तराखंड बोर्ड, औद्योगिक इकाई, विधायक आवास, तहसील, एसडीएम आवास, डिग्री कॉलेज, में स्मार्ट मीटर पहले ही लगाए जा चुके हैं। आवासीय भवनों में भी लगातार स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। मुख्य बाजार क्षेत्र में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। व्यापारी नेताओं के साथ बैठक कर वार्ता हो चुकी है। उन्होंने उपभोक्ताओं , व्यापारियों, जनप्रति. निधियों, आदि से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रांति फैलाने वालों से दूर रहें। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली चोरी पर पूरी तरह रोक लग जाती है और उपभोक्ता का सीधा नियंत्रण ऐप के माध्यम से अपने मीटर पर रहता है, वह कहीं से भी किसी भी स्थान, शहर, राज्य से अपने भवन की प्रतिदिन की विद्युत खपत को देख सकता है, और खपत पर नियंत्रण लगा सकता है। उन्होंने कहा कि बिल नहीं मिलने, सहित किसी भी त्रुटि का गंभीरता के साथ निदान किया जाएगा।

# यूकेडी ने युवा प्रकोष्ठ को दी नई ऊर्जा

**अमित बिनवाल को चंपावत, धर्मवीर नेगी को अल्मोड़ा और हरीश तिवारी को नैनीताल की सौंपी कमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) की फील्ड मार्शल दिवाकर भट्ट को समर्पित श्रद्धांजलि यात्रा लोहाघाट पहुंची, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने राज्य आंदोलन के इस महानायक को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसी दौरान यूकेडी युवा प्रकोष्ठ ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए तीन जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपीं। केंद्रीय उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) कुलदीप रावत के हस्ताक्षर से जारी नियुक्ति पत्र में अमित बिनवाल को चंपावत जिला अध्यक्ष, धर्मवीर नेगी को अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष, और हरीश तिवारी को नैनीताल जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यूकेडी युवाओं के साथ संगठनात्मक ढांचे को ग्राम स्तर तक विस्तार देने की तैयारी में है।

इस दौरान नई नियुक्तियों को संगठन की मजबूती का अहम कदम बताया गया और कहा गया कि "युवा शक्ति के बिना आंदोलन और संगठन दोनों अधूरे हैं। नए जिलाध्यक्षों के साथ यूकेडी को नई दिशा और गति मिलेगी।" श्रद्धांजलि यात्रा के विभाग क्षेत्र में पहुँचने पर राजू भय्या आदि कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। वक्ताओं ने दिवाकर भट्ट के संघर्षों और राज्य आंदोलन में उनके अप्रतिम योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सोच को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

# खटीमा पहुंचने पर सीएम धामी का किसानों ने किया जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खटीमा पहुंचे। जहां लोहियाहेड हेलीपेड पर किसानों, जनप्रतिनिधियों व जनता ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर किसानों ने गन्ना मूल्य बढ़ाने के पर मुख्यमंत्री धामी को गन्ना व तलवार देकर, पगड़ी पहनाकर तथा फूलमाला से भव्य स्वागत किया। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री को गन्ना व गुड़ भी भेंट किया। वहीं मुख्यमंत्री ने जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता प्रेम सिंह टूरना, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, दान सिंह रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, वीसी जयकिशन, सीडीओ दिवेश शाशनी,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेकों अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित रहे।

# दिव्यांग दिवस पर उठी पुकार 'हक दे हमें सरकार'

**दिव्यांग जनों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** दिव्यांग दिवस के अवसर पर जहां पूरी दुनिया संवे. दनशीलता और समान अधिकारों की बातें कर रही थी, वहीं चंपावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर मे दिव्यांग जनों ने भी अपनी दिल की आवाज बुलंद की। उनकी मांग साफ और सधे शब्दों में थीख़सरक. ारी योजनाओं का लाभ उन्हें बिना भटकन, बिना अड़चन मिले।

आपको बता दे बुधवार को पूर्णागिरि तहसील में दिव्यांग सामा. जिक कार्यकर्ता अतिकुर रहमान के नेतृत्व में दिव्यांग जनो ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम आकाश जोशी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांग जनों ने सरकार से निवेदन किया कि पेंशन, ट्राई-साइकिल, स्वरोजगार ऋण, शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर और पारदर्शिता के साथ मिले। उन्होंने कहा कि योजनाएं तो पर्याप्त हैं, पर जमीनी स्तर पर पहुंच कम होती है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है। दिव्यांग दिवस के इस अवसर पर सभी ने मिलकर सरकार से अपील की कि सुविधाओं को न सिर्फ सरल बनाया जाए बल्कि हर जरूरतमंद दिव्यांग तक पहुंचाया भी जाए। प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि सरकार की नीयत अच्छी है, योजनाएं भी प्रभावी हैं, मगर फील्ड लेवल पर प्रक्रिया सुगम नहीं है। लाभार्थी चयन, दस्तावेज सत्यापन और वितरण में सुधार की जरूरत है। दिव्यांग दिवस के इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में सरकार से अपील की कि दिव्यांग जनों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ठोस और त्वरित कदम उठाए जाएं।

# डीएम ने की नाबार्ड की 109 परियोजना प्रगति की समीक्षा

**303,51 करोड़ से बदलेगी ग्रामीण अवसंरचना की तस्वीर**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RIDF) के अंतर्गत संचालित विकास परियोजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में नाबॉर्ड के जिला विकास प्रबंधक राकेश सिंह कन्याल ने बताया कि जनपद में 303.51 करोड़ की लागत वाली कुल 109 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनमें सड़क, सिंचाई, ग्रामीण सम्पर्क मार्ग, लघु सिंचाई, पशुपालन, शिक्षा और तकनीकी संस्थानों के विकास सहित विभिन्न क्षेत्र सम्मिलित हैं। विभागवार परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग-32, सिंचाई विभाग- 29, ग्रामीण निर्माण विभाग-27, लघु सिंचाई- 6, पशुपालन-5, शिक्षा विभाग- 3, मत्स्य विभाग- 2, उद्यान विभाग-1, आईटीआई- 3, पॉलीटेक्निक-1 हैं। बैठक में यह बताया गया कि इन परियोजनाओं में से 17 परियोजनाएं धीमी प्रगति की श्रेणी में हैं, जिन पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनकी समापन रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए, जिससे वित्तीय स्वीकृतियों में देरी न हो। बैठक में लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण कार्य, लघु सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, शिक्षा और तकनीकी संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यटकों की नजर में आएगी पूर्वजों की विरासत



**चंपावत में 'घराट पनचक्की' को मिलेगा नया जीवन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिले में पारंपरिक विरासत को संवारते हुए उसे आधुनिक पर्यटन से जोड़ने की दिशा में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने नई पहल शुरू की है। पूर्वजों की अमूल्य धरोहर 'घराट पनचक्की' को अब पर्यटक भी देख सकेंगे।

इसी उद्देश्य से डीएम ने देवीधुरा के समीप मेतणा गांव में स्थित पुराने घराट स्थल का निरीक्षण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विक. सित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उद्यमिता एवं ग्रामीण विकास परियोजना अधिकारी चांदनी बंसल तथा लघु सिंचाई विभाग के अभियंता भी मौजूद रहे। परियोजना अधिकारी ने बताया कि यह स्थान पहले पनचक्की संचालन के लिए प्रसिद्ध था, जो बरसात में बह जाने से बार-बार क्षतिग्रस्त होती रही। अब यहां स्थायी तालाब निर्माण, पनचक्की का आकर्षक नवीनीकरण और संचालन प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तालाब बनने के बाद लाभार्थी यहां मछली पालन भी कर सकेगा, जिससे स्थानीय परिवार को अतिरिक्त आय मिलेगी। साथ ही, परियोजना अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस स्थल को सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा, जिससे यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी और क्षेत्र में पर्यटन की नई संभावनाएं विकसित होंगी।

# हाईकोर्ट ने एसएसबी के लांस नायक/ड्राइवर की बर्खास्तगी को माना असंवैधानिक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सशस्त्र सीमा बल के एक लांस नायक/ड्राइवर पुरुषोत्तम दत्त की बर्खास्तगी को अवैध और असंवैधानिक मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा में बहाल करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा पारित 6 मई 2011 के बर्खास्तगी आदेश और अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित 9 अगस्त 2017 के आदेश को रद्द कर दिया है जिसमें उन पर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने का आरोप था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में हुई। इस मामले में महानिदेशक एसएसबी व अन्य पक्षकार थे। हाईकोर्ट ने पाया कि ड्राइवर पुरुषोत्तम दत्त पर लगाए गए नशे में गाड़ी चलाने के गंभीर आरोप को साबित करने के लिए कोई चिकित्सीय तथा फोरेंसिक या वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद नहीं था। न ही कोई बलड टेस्ट तथा यूरिन टेस्ट या ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया गया था। न्यायालय ने कहा कि मौखिक दावे बिना किसी वस्तुनिष्ठ सामग्री के बर्खास्तगी जैसे सबसे गंभीर परिणाम को कानूनी रूप से सही नहीं ठहरा सकते हैं और संदेह को प्रमाण का स्थान नहीं दिया जा सकता। बता दें मामला 2 नवंबर 2007 को हुई एक दुर्घटना से संबंधित है जिसमें एक आधिका. रिक वाहन खाई में गिर गया था जिसके परिणामस्वरूप एक जवान की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। ड्राइवर का दावा था कि दुर्घटना सड़क की साइड रिटेनिंग वॉल टूटने और एक जंगली जानवर (बाघ) को बचाने के प्रयास के कारण हुई थी। सिविल पुलिस ने अपनी जाँच में एक अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी जिसमें निष्कर्ष निकाला गया था कि दुर्घटना रिटेनिंग वॉल टूटने के कारण हुई थी और ड्राइवर पर कोई लापरवाही नहीं थोपी जा सकती थी। न्यायालय ने इस तथ्य पर जोर दिया कि अनुशासनिक प्राधिकारी ने सिविल पुलिस की अंतिम रिपोर्ट और मजिस्ट्रेट द्वारा उसे स्वीकार करने के निष्कर्षों को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया। इसके अलावा दुर्घटना में घायल हुए सह यात्री गवाहों कांस्टेबल डोरजी खाडू कांस्टेबल सुमन देव और हेड कांस्टेबल शिशुपाल सिंह ने लगातार यह बयान दिया था कि दुर्घटना रिटेनिंग वॉल के ढहने के कारण हुई थी और ड्राइवर न तो लापरवाह था और न ही शराब के नशे में था। इन गवाहों के बयानों को भी पूछताछ अधिकारी ने नजर. अंदाज कर दिया था।



## आयुक्त व डीडीए सचिव हुए हाईकोर्ट में पेश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के सूखाताल झील के सौंदर्यीकरण के मामले में स्वतरू संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट पूर्व के आदेश पर बुधवार को कुमाऊं आयुक्त और जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के सचिव वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पेश हुए। बता दें बुधवार को सरकार द्वारा कोर्ट में प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई जिसमें बताया गया कि सूखाताल झील को सुरक्षा दीवार से बन्द किया गया है साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाई गई है। कोर्ट के समक्ष सूखाताल झील के फोटो भी प्रस्तुत किए गए जिसपर कोर्ट ने झील की साफ सफाई के लिए दिशा निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान कुमाऊं आयुक्त ने कोर्ट से कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से सूखाताल झील का दोबारा निरीक्षण करेंगे। पहले भी उनके द्वारा निर्माण कार्यो की जाँच की गई है। मामले में मुख्य नयायाधीश की खंडपीठ ने सूखाताल झील के सुधार के लिए सुझाव देने भी को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु अब दिसंबर की तिथि नियत की गई है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ में हुई।

## यूएसनगर के डीएम समेत कई अफसर हाईकोर्ट ने 9 को तलब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधम सिंह नगर में वर्ष 2021 में हुए आपदा पीड़ितों का 99 कुंतल के अधिक का अनाज बिना वितरण व रख रखाव के चलते सडने पर डीएम के आदेश पर दोषियों से रिकवरी के आदेश को जिलापूर्ति कमिश्नर द्वारा माफ किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आने वाले मंगलवार यानी 9 दिसंबर को कमिश्नर खाद्य विभाग, जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर व जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ऊधम सिंह नगर व डिस्पैच कलर्क को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर यह बताने को कहा है कि जब कार्यालयों में डिस्पैच रिजस्टर्ड एक होता है तो यहां दो कैसे? इसका स्पस्टीकरण मंगलवार को कोर्ट में पेश होकर बताएं। बता दें बुधवार को हुई सुनवाई पर पूर्व के आदेश पर डीएम ऊधम सिंह नगर कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साढ़े दस बजे पेश हुए, उनके द्वारा डिस्पैच रजिस्टर पेश किया। जिसका कोर्ट ने अवलोकन किया। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कोर्ट को अवगत कराया कि इसके अलावा भी एक अन्य डिस्पेच्च रजिस्टर्ड है। जिसको भी कोर्ट ने लंच के बाद कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा जिसे साढ़े तीन बजे पेश किया गया। उसका भी अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने पाया कि इसमें भी अनियमिता हुई है जिसपर कोर्ट ने कहा कि सभी कार्यालयों में एक डिस्पेच्च रजिस्टर होता है यहां दो कैसे? मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूतह्न सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ में हुई।

## नैनीताल जिपं चुनाव प्रकरण पर सुनवाई 10 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2025 को हुए नैनीताल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल व 5 बीडीसी सदस्यो के अपहरण व चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में रिपोलिंग तथा निष्पक्ष चनाव कराने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। बता दें बुधवार को पूर्व के आदेश पर मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ में एसएसपी नैनीताल पेश हुए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांचों सदस्यों सहित मामले की जांच कर रहे एएसपी सीबीसीआईडी हल्द्वानी को मय जांच रिपोर्ट सहित पेश होने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट ने 10 दिसंबर की तिथि नियत की है। बुधवार को पांचों सदस्य पेश नहीं हुए जिसपर कोर्ट ने उनसे भी 10 दिसंबर (बुधवार) को पेश होने को कहा है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ में हुई।

## अधिवक्ता दिवस पर हाईकोर्ट बार में हुई गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अधिवक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी की गयी। विचार गोष्ठी में डा. एमएस पाल (वरिष्ठ अधिवक्ता) ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद को याद कर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत (महासचिव) द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुर्बान अली मुख्य चुनाव अधिकारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल, जेसी कर्नाटक, अनिल मेर (उपाध्यक्ष), कुन्दन सिंह (उपसचिव) समेत विश्व प्रकाश बहुगुणा, सौरभ कुमार पाण्डे समेत कई अधिवकता मौजूद रहे।

## माल रोड में पार्क होने वाली बाइकें और साइकिल हटेंगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आगामी क्रिसमस से लेकर थर्टी फर्स्ट तथा नववर्ष-2026 के दौरान नैनीताल में भारी संख्या में पर्यटकों की आमद को देखते हुए पुलिस यातायात प्लान बनाने में जुट गई है। इस दौरान मालरोड में पार्क वाहनों को हटाकर लगातर गश्त कर यातायात पर नजर रखी जाएगी साथ ही सड़क किनारे लगे फड़ भी हटाए जाएंगे। बता दें कि नैनीताल में आगामी क्रिसमस से नववर्ष के दौरान भारी संख्या में पर्यटकों की आमद होगी वहीं लोअर मालरोड का मरम्मत कार्य होने के कारण सूचना कार्यालय से मल्लीताल तक अपर मालरोड पर ही आने जाने वाले वाहनों का भार रहेगा जो पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है वहीं शाम को सड़क किनारे लगने वाले फड़ों से भी यातायात प्रभावित हो रहा है, जिसको देखते आईजी स्तर से अभी से यातायात प्लान पर चर्चा होने लगी है। जल्द ही प्लान बनाने के बाद ट्रायल किया जाएगा। मामले में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि क्रिसमस से पहले ही अधिकारियों के साथ बैठक कर मालरोड से साइकिल तथा टैक्सी बाइकें और वहां लगने वाले फड़ों को हटवाया जाएगा ताकि यातायात सुगम बना रहे। बताया कि इसके साथ ही पुलिस हर क्षेत्र में गश्त भी करेगी ताकि सड़कों पर कोई अनावश्यक वाहनों को पार्क कर यातायात को प्रभावित न करें।

## एक नजर

### गालीबाज़ नाव चालकों का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में नाव चालकों को सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौच व मारपीट करना महंगा पड़ गया। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार बुधवार को मल्लीताल क्षेत्र में दो नाव चालकों का पंत पार्क में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों एक दूसरे को गाली देने लगे साथ ही धक्का मुक्की पर उतारू हो गए। इस दौरान महिला फड़ कारोबारियों ने दोनों नाव चाल. कों को टोका तो वह उनसे भी अभद्रता करने लगे। जिस पर महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौच कर लोगों को परेशान करने पर मल्लीताल निवासी नाव चालक हरीश सिंह व नंदन सिंह के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई साथ ही उन्हें भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी गयी।

### नो पार्किंग जोन में पार्क वाहनों को हटवाया

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने मुनादी कर टैकसी चालकों से सड़क किनारे वाहन पार्क नहीं करने की अपील की। बता दें कि नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में रोजाना टैकसी चालक व टैक्सी बाइक चालक सड़क किनारे वाहन पार्क कर रहे हैं जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। बुधवार को भी पुलिस की ओर से अभियान चलाकर सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटाया गया। पुलिस ने गश्त कर सड़क किनारे पार्क टैक्सी बाइकों व टैक्सी कार चालकों से वाहन सड़क पर पार्क नहीं करने की अपील की साथ ही चालानी कार्रवाई भी की गई।

### अवैध होम स्टे व होटलों के खिलाफ अभियान

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के तल्ला रामगढ़ एवं नथुवाखान क्षेत्र में अवैध रूप से संचालन किये जा रहे होम स्टे तथा होटल का बुधवार को जिला पर्यटन विकास अधिकारी नैनीताल अतुल भंडारी द्वारा निरीक्षण किया गया। भंडारी के मुताबिक स्थानीय लोगों की ओर से टांडा में सिल्वर ओक कॉटेज की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें सिल्वर ओक कॉटेज एवं गैर पंजीकृत तीन होम स्टे व होटलों का चालान किया गया तथा एक होम स्टे स्वामी को नोटिस दिया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

### सीओ सेमवाल ने किया ने कोतवाली का निरीक्षण

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित कोतवाली का बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेमवाल ने कोतवाली के अभिलेखों समेत सीसीटीएनएस के ऑनलाइन कार्यों का बारिकी से अवलोकन कर समस्त दस्तावेजों को व्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दिए गए। इसके उपरांत कोतवाली में मौजूद शस्त्रों एवं अन्य आपदा उपकरणों का निरीक्षण कर उचित रख रखाव के निर्देश दिए गए। इस दौरान उनके द्वारा कोतावाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत को फील्ड में पुलिस बल की संख्या गश्त/पिकेट बढ़ाने तथा यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### बाल विवाह रोकने का संदेश दिया

**नैनीताल।** बाल विवाह सामाजिक और कानूनी अपराध है और स्वस्थ समाज के निर्माण में अवरोध भी है। इसी संदेश के साथ बाल विकास विभाग की पहल पर बुधवा को नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट आंगनवाड़ी केंद्र में ज्योलीकोट सहित आसपास के आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा बालविवाह रोकने के लिए एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान नवल कुमार, बीडीसी गीता जोशी व आंगनवाडी केन्द्रों की रेखा जीना, तनुजा भट्ट तथा दीपा बोरा, पूनम जोशी, जूही सिंह, तारा ओली, सोनी नेगी, तनुजा जोशी तथा शीला नेगी ने प्रतिभाग किया और लोगों का आह्वान किया कि निर्धारित आयु के बाद ही विवाह करें।

### छात्रों को बताया आरबीआई का महत्व व भूमिका

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में बुधवार को रिजर्व बैंक आफ इंडिया की ओर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में भूमिका और महत्व की जानकारी दी गई। महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा की अध्यक्षता में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आरबीआई के रिसोर्स पर्सन नितिन सुराऊत व प्रिया चौहान रहे, कार्यक्रम का संचालन डा. किरन तिवारी ने किया। आरबीआई ऑफिसर प्रिया चौहान ने भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में भूमिका और उसका महत्व विस्तार से समझाया तथा आरबीआई ग्रेड बी परीक्षा की तैयारी महिलाएं किस प्रकार कर सकती हैं इस विषय को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि आरबीआई ग्रेड बी एग्जाम का नोटिफिकेशन प्रतिवर्ष सितंबर या अकटूबर में निकलता है।

# नैनीताल में खुलेंगे दो नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत नैनीताल शहर में दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जायेंगे जिससे साधारण बीमारी में मरीजों को जिला अस्पताल व हायर सेंटर नहीं भागना पड़ेगा। इन केंद्रों में एक चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट समेत दो नर्सिंग अधिकारी, पांच एएनएम के साथ ही एक लैब टेक्निशियन व एक वार्ड आया नियुक्त की जाएगी। मामले में सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि बीते वर्ष से लगातार नैनीताल शहर में दो पीएचसी खोलने की कवायद की जा रही है लेकिन कई कारणों के चलते अब तक शहर में दो पीएचसी नहीं खुल पाई हैं। बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शहर में दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति मिली है, जिसके लिए सूखाताल व तल्लीताल में केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है। इन केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य जैसे प्रसव पूर्व व बाद की जांच समेत बाल स्वास्थ्य संबंधित प्राथमिक उपचार, जांच, टीकाकरण व परिवार कल्याण, संचारी व गैर संचारी रोग संबंधित जांचे की जाएगी। बताया कि केंद्र खोलने के लिए सूखाताल व तल्लीताल क्षेत्र में जगह खोजी जा रही है। सीएमओ ने बताया कि जगह मिलते ही केंद्र खोल दिए जाएंगे जिससे लोगों को लाभ मिलने के साथ मिला अस्पताल का भार भी कम होगा।

# गांव के अंतिम छोर तक पहुंचेगा विकास: बिष्ट

## जल जीवन मिशन झूलते पाइप गुणवत्ता युक्त कार्य करें विभाग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने बुधवार को जनसंवाद दिवस में जनसमस्याओं को सुनकर मौके पर ही अधिका. रियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जनसंवाद दिवस में प्रमुख डा. बिष्ट ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याएं निरंतर रहती हैं हमारा प्रयास रहता है कि गतिपूर्वक सभी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए जिससे ग्रामीणों को बेवजह संबंधित कार्यालयों के चककर न काटने पड़ें। जनसंवाद में ओखलढुंगा के ग्राम प्रधान द्वारा जल जीवन मिशन में झूलते पाइप समेत अन्य अनियमितताओं को लेकर अवगत कराया जिस पर प्रमुख ने जल जीवन मिशन तथा जल संस्थान के अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए हैं कहा कि वह जल्द ही मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। इस दौरान राशन कार्ड से संबंधित कई ग्रामीण नाम जुड़वाने के लिए कार्यालय पहुंचे जिस पर प्रमुख डा.बिष्ट ने खाद्य पूर्ति विभाग को न्याय पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर जन समस्याओं को निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलड़िया, ग्राम प्रधान नंदन बोरा, जितेन्द्र चनौतिया, विक्रम सम्मल, धर्मेन्द्र शर्मा, नवीन पांडे , ईश्वरी दत्त, कृष्ण पलड़िया, तारा, नवीन क्वीरा, कुंदन जीना, बीडीओ हर्षित गर्ग, प्रदीप पंत तथा भूपाल बिष्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणत तथा विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# राघवेन्द्र ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के उदीयमान खिलाड़ी राघवेंद्र सिंह बिष्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीन किलोमीटर की दौड़ में सातवां स्थान हासिल किया। राघवेंद्र को मिली इस बेहतरीन कामयाबी पर बुधवार को विद्यालय परिवार की ओर से न केवल राघवेंद्र अपितु उसके परिजनों को भी विशेष रुप से सममानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के मुताबिक छात्र राघवेंद्र सिंह बिष्ट ने हरियाणा में 26 नवंबर से लेकर 1 दिसंबर 2025 तक आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय खेलों में पूरे देश भर में सातवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के शिक्षकों प्रबंध समिति एवं बाल सैनिकों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया और बधाई दी गई। छात्र राघवेंद्र बिष्ट को इस ऐतिहासिक कामयाबी के लिए एलारा कैपिटल लंदन के सीईओ राज भट्ट ने भी सममानित किया जिसमें भट्ट ने राघवेंद्र को पौड़ी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति देने की घोषणा की है। विद्यालय में खिलाड़ी छात्र राघवेंद्र की मां माया देवी जो कि जीबी पंत इंटर कॉलेज भवाली में लिपिक हैं एवं उसके मामा प्रदीप बिष्ट जिन्होंने राघवेंद्र को प्रशिक्षण देने में सहयोग किया इन दोनों को भी विद्यालय में समानित किया गया। इस विशेष मौके पर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश, कुविवि के डीएसबी कैंपस की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, कालेज के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती, शिक्षक आलोक शाह, व्यायाम शिक्षा गोविंद सिंह बोरा समेत डा. रेनू बिष्ट, मीनाक्षी बिष्ट, चंद्र प्रकाश, गीतिका नेगी, सागर सिंह, दीपक कोरंगा तथा डा. नीलम जोशी आदि मौजूद रहे।



## राइंका त्रियुगीनारायण में सीईओ ने पाई कई कमियां

**रुद्रप्रयाग।** मुख्य शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही माध्यमिक विद्यालयों में गतिमान सत्र 2025-26 को लेकर नामिका निरीक्षण का भी अनुश्रवण किया, जिसमें पाया गया कि राइंका कोटमा में नामिका निरीक्षण टीम उपस्थित थी एवं टीम की ओर से पठन-पाठन व शिक्षणेत्तर गतिविधियों का निरीक्षण किया जा रहा था। प्रयोगात्मक गतिविधियां संतोषजनक न होने के कारण प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि प्रयोगशालाओं तथा उपकरणों का समुचित उपयोग किया जाए। छात्र-छात्राओं से विषय संबंधी संवाद स्थापित किया जाए।

# सिंचाई पंपिग योजना के अवशेष कार्य को पूर्ण कराने को होंगे प्रयास: हेम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जन मिलन कार्यक्रम के तहत भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य ने बुधवार को लोहाली, तुरखीना तथा चमड़िया क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनका प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा लोहाली सिंचाई पंपिग योजना के शेष कार्य को पूर्ण करने की मांग उठाई, हेम आर्य द्वारा आश्वासन दिया कि जनता की इस प्रमुख समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान हेम ने लोहाली के प्रमुख व्यवसायी कुंवर सिंह बिष्ट के सुपुत्र के विवाह समारोह में पहुंचकर शुभकामनाएं और बधाई प्रदान की। इससे पूर्व क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचने पर उनका ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान पंडित उमेश कांडपाल, गौरव सिंह जलाल, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, हयात सिंह महरा,पूरन सिंह बिष्ट, गोधन सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, कुबेर सिंह बिष्ट, ईश्वर सिंह बिष्ट, तारा सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र सिंह बिष्ट, कृपाल सिंह बिष्ट, मनोज सिंह अधिकारी, राम सिंह बिष्ट तथा हेमन्त सिंह बिष्ट सहित दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।



# पंडित दीनदयाल योजना से स्वरोजगार और ग्रामीण पर्यटन में नई उम्मीद

## योजना को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह और भरोसा बढ़ा: भंडारी

**अफज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर्यटन विकास योजना के तहत स्थानीय लोगों को स्वरोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में बड़ा प्रोत्साहन मिलने लगा है। पर्यटन विभाग की इस पहल का उद्देश्य खासतौर पर पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना और पलायन को रोकना है। सरकार ने योजना की कुल लागत का 50 प्रतिशत राज्य सहायता के रूप में तय किया है, वहीं पात्र लाभार्थियों को लोन लेने पर 15 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी दी जाएगी। इससे स्थानीय लोग अपने ही गांव-घर में रोजगार स्थापित कर सकेंगे और ग्रामीण पर्यटन को मजबूती मिलेगी। इस योजना के लिए आवेदन मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे हैं। इच्छुक आवेदक पोर्टल पर जाकर 'होम स्टे विकास योजना' का विकल्प चुन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया में कुछ जरूरी दस्तावेजों का अपलोड करना अनिवार्य है, जिनमें भूमि संबंधित दस्तावेज, जमीन का नक्शा, स्थायी निवास प्रमाणपत्र और जमीन के मुखिया की शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र शामिल हैं। पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया वर्तमान समय में करीब 150 लोगों ने आवेदन जमा कर दिए हैं। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि योजना को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह और भरोसा बढ़ा है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस योजना से न केवल स्वरोजगार बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी और लोग अपने गांव में ही समृद्धि की ओर कदम बढ़ा सकेंगे।



## एकता में होती है शक्ति: गोस्वामी

**नैनीताल।** डा. राजेन्द्र प्रसाद प्रथम वकील व राष्ट्रपति के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को नैनीताल में अधिवक्ता दिवस का आयोजन जिला बार भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर ओंकार गोस्वाम ने सभी अधिवक्ताओं को अपने कार्य सजगता व लगन से करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योति प्रकाश ने कहा कि हम सब एडवोकेट एकजुट होकर रहेंगे तो हमारी शक्ति बढ़ेगी। इस अवसर पर जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चन्दोला समेत अखिल शाह, संजय त्रिपाठी, प्रदीप परगाई, खुर्शीद अहमद, जमीर अहमद, राजेन्द्र भैसोडा, अनिल कुमार, नागेन्द्र बर्गली, उमेश काण्डपाल तथा हिमांशु उपाध्याय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाहत्य को सूचित किया जाता है कि कालाढूंगी वार्ड नं.-3 में स्थित भवन जिसका गृहकर श्री अकील अहमद पुत्र श्री मोहम्मद अहमद के नाम नगर पालिका के गृहकर अभिलेखों में दर्ज है। जिसके पूरब में सड़क नगर पालिका परिषद कालाढूँगी (नैनीताल), पश्चिम में श्री कमल का भवन उत्तर में रईस का भवन व दक्षिण में नफीस का भवन स्थित है। जिसका गृहकर प्रार्थिनी जेबुल निशा पत्नी श्री अकील अहमद अपने नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र शपथ पत्र व श्री अकील अहमद पुत्र मोहम्मद अहमद का अनापत्ति मूल पत्र दिये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करों की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में प्रार्थिनी जेबुल निशाँ पत्नी श्री अकील अहमद के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। कि यवि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वत: ही समाप्त हो जायेगा।

**नोट**- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद स्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्रों को मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित 20वीं उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन (29-30 नवम्बर 2025) में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के शोधार्थियों ने अपनी शोध कार्यों के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड प्राप्त किया। महाविद्यालय के शोधार्थी दिब्यांशु, जो डा. आरकेएस राजपूत के निर्देशन में गणित, सांख्यिकी और कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में शोध कर रहे हैं, को उनके महत्वपूर्ण शोध योगदान के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह, शोधार्थी आशीष कुमार सागर, जो डा. विवेकानन्द के मार्गदर्शन में केमिकल साइंस में शोध कर रहे हैं, को उनके उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए यंग साइंटिस्ट अवाउर्ड प्राप्त हुआ। शोधार्थी दिव्या पंत, जो डा. लक्ष्मी तिवारी के निर्देशन में बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में शोध कार्य कर रही हैं, को उनके प्रभावी और सार्थक योगदान के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड प्रदान किया गया। इन शोधार्थियों की उपलब्धियों ने न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और शोध क्षमता को उजागर किया, बल्कि विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी प्रदर्शित किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. आरसी श्रीवास्तव और महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों ने इन सम्मानित शोधार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



